दैनिक भास्कर 16-03-2023

# पीपीटी प्रेजेंटेशन में शिवानी ने जीता पहला स्थान



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में रसायन विज्ञान विभाग की तरफ से पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता कराई गई। इसमें 19 स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त मुख्यातिथि थे। उन्होंने स्टूडेंट्स को सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में शिवानी ने पहला, दीपा ने दूसरा, हर्षित ने तीसरा व खुशी ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रिंसिपल ने सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता डॉ. नेहा, डॉ. नियति, डॉ. सुजाता की देखरेख में की गई। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी दीप्ति धीमान रहीं।